प्राधिकरण बोर्ड की 169वीं बैठक हेतु विचारणीय विषयों की कार्य-सूची

तिथि :- 15 सितम्बर, 2020

समय :- अपराह्न 04.00 बजे

स्थान :- मसऊद सभागार, प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 169वीं बैठक दिनांक 15.09.2020 में विचारणीय प्रस्तावों की विषय सूची

क्र0	विषय	पृष्ठ संख्या
01.	लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 24.07.2020 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।	01
02.	लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 24.07.2020 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।	07
03	तीन वर्ष का आयकर रिटर्न/हैसियत प्रमाण–पत्र लिये जाने की अनिवार्यता के सम्बन्ध में।	13
04.	व्यवसायिक काम्पलेक्स, सेक्टर–4, गोमती नगर विस्तार को एक साथ विक्रय करने के सम्बन्ध में।	16
05.	सीतापुर रोड में बस स्टेशन हेतु आरक्षित 5.00 एकड़ भूमि निर्धारित मूल्य का 10 प्रतिशत भुगतान परिवहन निगम द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण को करते हुए बस स्टेशन का कब्जा प्राप्त कर तत्काल स्थल से परिवहन निगम की बसों का संचालन किये जाने एवं शेष 90 प्रतिशत धनराशि 15 वर्षों में परिवहन निगम द्वारा प्रतिवर्ष समान किश्तों में भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किये जाने की अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में।	17
06.	जनपथ (हजरतगंज) स्थित दुकान/गोदाम संख्या–04, बेसमेन्ट की सर्किल दरों के सम्बन्ध में।	25
	अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।	

विषय : लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 168वीं बैठक दिनांक 24 जुलाई, 2020 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

पुष्टिकरण

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनाक 24.07.2020 का कार्यवृत्त दिनांक 28.07.2020 को समस्त मा0 सदस्यों को अवलोकनार्थ प्रेषित किया गया। किसी सदस्य द्वारा कोई आपत्ति एवं सुझाव उपलब्ध नहीं कराये गये है। अस्तु बैठक दिनांक 24.07.2020 का कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 168वीं बैठक दिनांक 24 जुलाई, 2020 का कार्यवृत्त

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 168वीं बैठक, बोर्ड अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार मेश्राम, आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुए:–

उपस्थिति:–

01.	श्री शिवाकान्त द्विवेदी	उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
02.	डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी	नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ।
03.	श्री राजेश प्रताप सिंह	संयुक्त सचिव, प्रतिनिधि–प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
04.	श्री अजय कुमार राय	अपर नगर मजिस्ट्रेट–चतुर्थ, प्रतिनिधि–जिलाधिकारी, लखनऊ।
05.	श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा	अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रतिनिधि–सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
06.	श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव	मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग।
07.	श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद	अधीक्षण अभियन्ता, प्रतिनिधि–आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद।
08.	श्री पवन अग्रवाल	संयुक्त आयुक्त, उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
09.	श्री एस0के0 गुप्ता	महाप्रबन्धक, प्रतिनिधि–प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम।
10.	श्री अनुपम श्रीवास्तव	क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, प्रतिनिधि–महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0।
11.	श्री पी0एन0 सिंह	सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
12.	श्री प्रदीप भार्गव	सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
13.	श्री पुष्कर शुक्ला	सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।

अन्य उपस्थिति:–

14.	श्री एम0पी0 सिंह	सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
15.	श्री अनिल भट्नागर	अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
16.	श्री राजीव कुमार सिंह	वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
17.	श्री इन्दु शेखर सिंह	मुख्य अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
18.	श्री नितिन मित्तल	मुख्य नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0।
19.	श्रीमती ऋतु सुहास	संयुक्त सचिव, ल0वि0प्रा0।
20.	श्री पंकज कुमार	नजूल अधिकारी, ल0वि0प्रा0।
21.	श्री डी0एम0 कटियार	मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, ल0वि0प्रा0।
22.	श्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह	विशेष कार्याधिकारी, ल0वि0प्रा0
23.	श्री पी0सी0 पाण्डेय	अधीक्षण अभियन्ता, ल0वि0प्रा0।
24.	श्री चक्रेश जैन	अधीक्षण अभियन्ता, ल0वि0प्रा0।

सर्वप्रथम् उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड/ आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ का औपचारिक स्वागत किया गया और तदुपरान्त बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बोर्ड बैठक की विषय सूची में सम्मिलित विभिन्न विषयों/मदों पर निम्नवत् निर्णय लिया गया:–

मद सं0	विषय	निर्णय
168/1	लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 29.02.2020 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।	प्राधिकरण की उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों को कार्यवृत्त प्रेषित किया गया था। किसी भी सदस्य द्वारा कार्यवृत्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं करायी गयी है। अतः सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की जाती है।
168/2	लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 29.02.2020 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।	प्रस्तुत की गयी अनुपालन आख्या का अवलोकन/अनुमोदन किया गया।

168/3	हरदोई रोड कामधेनु नगर प्रसार योजना (बसंतकुंज) के अन्तर्गत समझौते के आधार पर देय अवशेष प्रतिकर धनराशि के भुगतान के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा बसंतकुंज, हरदोई रोड योजना में देय अवशेष प्रतिकर धनराशि ₹ 30.42 करोड़ का भुगतान किये जाने की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
168/4	लखनऊ–सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तर दिशा में स्थित मेसर्स सहारा इण्डिया कामर्शियल कार्पोरेशन लि0 की निरस्त टाउनशिप की भूमि पर लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ की नवीन योजना हेतु भूमि अधिग्रहण किये जाने के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई और निर्देश दिये गये, कि सर्वप्रथम् लैंडपूलिंग के माध्यम से शासनादेशानुसार कार्यवाही की जाये।
168/5	बसंतकुंज योजना में स्थित कैटिल कालोनी में तटबन्ध के निर्माण से प्रभावित भूखण्डों का पूनर्वासन हेतु निर्माण के मूल्यांकन प्रतिकर भुगतान के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त बसंतकुंज योजना में बंधा निर्माण से प्रभावित कैटिल कालोनी में जिन–जिन व्यक्तियों के भूखण्ड का निर्माण प्रभावित हुआ है, ऐसे कुल 143 आंवटी है, जिन्हें उनके निर्माण के मूल्यांकित धनराशि ₹ 1,12,18,663.00 (रूपये एक करोड़ बारह लाख अट्ठारह हजार छः सौ तिरसठ) मात्र का भुगतान किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।
168/6	आउट सोर्सिंग के माध्यम से रखे गये एक वरिष्ठ सहायक कास्ट एकाउन्टेन्ट की सेवा अवधि (दिनांक 31.12.2020 तक) बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
168/7	लखनऊ विकास प्राधिकरण की सम्पत्तियों के मूल्यांकन गाइड लाइन में संशोधन के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त लखनऊ विकास प्राधिकरण की सम्पत्तियों के मूल्यांकन गाइड लाइन में संशोधन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। निर्देश दिये गये कि आवंटन तिथि में अनुमानित कीमत आंकलित कर आवंटी से मूल्य लिया जाय तथा निर्माण पूर्ण होने पर वास्तविक कीमत का अन्तर और लिया जाय। यदि वास्तविक मूल्य आवंटन–पत्र में सूचित मूल्य से 10% (कार्नर भूखण्ड तथा मानक क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल की स्थिति को छोड़कर) अधिक बढ़ता है, तो आवंटी को विकल्प होगा कि वह सम्पत्ति क्रय न करें और जमा धनराशि बिना कटौती के वापसी हेतु आवेदन की तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) की दर पर वापस प्राप्त कर ले। भूखण्डों में आवंटन तिथि को प्रचलित दर ही ली जायेगी। इस प्रकार यदि निर्धारित अवधि में आवंटी की रजिस्ट्री/कब्जा की प्रक्रिया नहीं कर पाते हैं तो, तब भी आवंटी चाहे तो सम्पत्ति क्रय न करें और धनराशि

		वापस किये जाने हेतु आवेदन की तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) की दर पर वापस प्राप्त कर ले। प्राधिकरण की जिन योजनाओं में निबन्धन की कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है, उन पर प्रभावी नहीं होगा।
168/8	व्यवसायिक भूखण्डों की ई–नीलामी की मूल शर्त संख्या–4 को निक्षेपित करने व नई शर्त जोड़ने के सम्बन्ध में। i) डिफाल्टर्स की नीलामी में भाग लेने से रोकने के सम्बन्ध में। ii) फ्री–होल्ड चार्ज लेने के सम्बन्ध में। iii) 03 वर्ष का आयकर रिटर्न/हैसियत प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त व्यवसायिक सम्पत्तियों/भूखण्डों की ई–नीलामी की शर्तों के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि:– i–यदि पूर्व से प्राधिकरण द्वारा किसी को व्यवसायिक सम्पत्ति आवंटित की गई है और उसने 03 लगातार किश्तें जमा नहीं किया है, तो वह डिफॉल्टर माना जायेगा और उसे नीलामी में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। यदि ई–नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन करने की तिथि तक बकाया धनराशि जमा कर देते है, तो आवेदन करने व ई–नीलामी में भाग लेने हेतु पात्र माने जायेंगे। ii–शासनादेशानुसार व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी के समय फ्रीहोल्ड शुल्क चार्ज भी भूखण्ड की मूल्यांकित धनराशि में सम्मिलित किया जायेगा। iii–व्यवसायिक सम्पत्तियों की नीलामी में आवेदकों द्वारा विगत 03 वर्षो की आई0टी0आर0 और हैसियत लिये जांने सम्बन्धी शर्त को विलोपित किये जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा इस प्रकार की रिक्त सम्पत्तियों की सूची और समीक्षा के साथ अगली बोर्ड बैठक में रखे जाने के निर्देश दिये गये।
168/9	जनपद–लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थित पार्किंग की भूमि पर मल्टीलेविल पार्किंग एवं ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो रेलवे स्टेशन से मल्टीलेविल पार्किंग जोड़ने हेतु फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा जनपद–लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थित पार्किंग की भूमि पर मल्टीलेविल पार्किंग एवं ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो रेलवे स्टेशन से मल्टीलेविल पार्किंग जोड़ने हेतु फुट ओवर ब्रिज का निर्माण पी0पी0पी0 मॉडल पर किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही इस हेतु QCBS पद्धति पर कंसलटेन्ट की नियुक्ति की भी स्वीकृति प्रदान की गई।
168/10	भूखण्ड संख्या–221स, निकट टी0वी0 टावर, ग्राम–बेगरिया, हरदोई रोड, लखनऊ पर पेट्रोल पम्प के सम्बन्ध में।	सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया एवं नियमानुसार शुल्क जमा कराये जाने के निर्देश दिये गये।
168/11	कैटिल कालोनी के बन्धे के संरेखण एवं अर्धनिर्मित बन्धे के पूर्ण न हो पाने के कारण	सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा बंधे से प्रभावित भूखण्डों के समायोजन के सम्बन्ध में प्रस्तुत

	प्रभावित भूखण्डों के वृहद् स्तर पर समायोजन हेतु।	प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही बोर्ड द्वारा बन्धे से प्रभावित 322 भूखण्डों (जिनमें 79 भूखण्डों का समायोजन पूर्व में हो चुका है, उन्हें छोड़कर) के समायोजन की स्वीकृति प्रदान की गई।
168/12	बसन्तकुंज योजना में गोमती नदी के किनारे अवस्थित मास्टर प्लान–"पार्क एवं खुला स्थल" हेतु लगभग 65 एकड़ चिन्हित भूमि पर "राष्ट्र प्रेरणा स्थल" का विकास किये जाने के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अवलोकित एवं अनुमोदित किया गया।
168/13	अनाधिकृत/अतिरिक्त निर्माण के नियमितीकरण हेतु शमन योजना–2020 लागू किये जाने के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त शमन योजना–2020 लागू किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही निर्देश दिये गये कि जोनवार टीम गठित कर डोर–टू–डोर सर्वे कराकर शमन की कार्यवाही पूर्ण की जाये तथा वस्तुस्थिति से बोर्ड को अवगत कराया जाये।
	अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय	
अ0वि0 168/1	लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत श्री रवि खरे, अवर अभियन्ता को उनके गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु किये गये भुगतान, तत्पश्चात् चिकित्सा पर व्यय धनराशि का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में।	सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
अ0वि0 168/2	परिसम्पत्तियों के सापेक्ष देयता के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।	सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या–36/2020/935/आठ–1–20–03बैठक/13टी0सी0 दिनांक 15.07.2020 द्वारा कोविड 19 के दृष्टिगत उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की सम्पत्तियों के सापेक्ष देयता विषयक शासनादेश अंगीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में उपरोक्त के अतिरिक्त अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड/आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ द्वारा निम्न निर्देश भी दिये गये–

1. अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि वर्तमान में उ0प्र0 शमन योजना 2020 घोषित कर दी गई है, अतः इस सम्बन्ध में जोनवार रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत की जाय। इस सम्बन्ध में टीम गठित कर दी जाय। टीम सम्बन्धित स्थलों पर फोटोग्राफी के साथ गूगल मैपिंग, नगर निगम के सम्पत्ति का जी0आई0एस0 सर्वेक्षण एवं अन्य सुसंगत तकनीकी सहारा लेकर शमन की कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगी। समस्त विहित प्राधिकारी अपने सम्बन्धित जोन की समीक्षा करें कि शमन के सम्बन्ध में कितने प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुए है और उनमें कितने निस्तारित हुए है।

2. हिन्द नगर कालोनी, कानपुर रोड के ले–आउट तथा नक्शा पास करने के प्रकरण के सम्बन्ध में मुख्य नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0 को निर्देश दिये गये कि इसका निस्तारण नियमानुसार करा दिया जाये। साथ ही इस प्रकार के और भी कालोनियों को चिन्हित कर लिया जाये और उनमें भी नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उक्त के अतिरिक्त श्री पुष्कर शुक्ला, नामित सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की मांग की गई:—

1. एलडीए की मार्केट जिनमें अभी तक अधिकांश दुकानें बन्द पड़ी हैं पर चर्चा।

अध्यक्ष महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि एलडीए की ओर से अन्नपूर्णा काम्पलेक्स, कानपुर रोड एवं अन्य इसी प्रकार की पुरानी योजनाओं के ऐसे सभी आवंटियों को नोटिस जारी की जाय, जिन्होंने अभी तक रजिस्ट्री नहीं कराई हैं। नोटिस प्राप्ति के बाद भी यदि आवंटियों द्वारा 01 माह में रजिस्ट्री नहीं कराई जाती है, तो सुसंगत नियमानुसार निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाये।

2. अंसल आंगन फेज–3 ईडब्लूएस मकान के आवंटियों की लाटरी पर चर्चा।

अध्यक्ष महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि अंसल कम्पनी से जानकारी कर ली जाय, यदि कोई लाटरी कराना अवशेष हो या आवंटी प्रतिक्षारत हों, तो नियमानुसार उसे शीघ्र समाधान कराने हेतु निर्देशित कर दिया जाये।

3. एलडीए द्वारा अधिगृहित ज़मीनों के गांवों का समुचित विकास न होने पर चर्चा।

इस सम्बन्ध में चर्चा हुई कि लखनऊ विकास प्राधिकरण भूमि अधिग्रहण अधिनियम व नीति के अन्तर्गत गांवों का इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कराता है। यदि कोई गांव एलडीए के भूमि अधिग्रहण क्षेत्र में विकास से वंचित रह गया होगा, तो उस पर विचार कर लिया जायेगा।

4. एलडीए के बहुत सारे ऐसे मकान हैं, जिनके मूल आवंटियों ने साधारण एग्रीमेंट पर या अन्य को मकान दे दिए है, जिस पर लोग 20–20, 25–25 वर्ष से काबिज हैं, पर चर्चा।

अध्यक्ष महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण एवं सर्वे कराकर आवंटन नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराये जाने के निर्देश दिये गये।

उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त की गयी।

(एम0पी0 सिंह)
सचिव, ल0वि0प्रा0,
लखनऊ।

(शिवाकान्त द्विवेदी)
उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0,
लखनऊ।

अनुमोदित

28/07/2020

(मुकेश कुमार मेश्राम)
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण,
एवं आयुक्त, लखनऊ मण्डल,
लखनऊ।

विषयः— लखनऊ विकास प्राधिकरण की 168वीं बैठक दिनांक 24 जुलाई, 2020 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

विषय संख्या : 1	लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 29.02.2020 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।
निर्णय :	प्राधिकरण की उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों को कार्यवृत्त प्रेषित किया गया था। किसी भी सदस्य द्वारा कार्यवृत्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं करायी गयी है। अतः सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की जाती है।
अनुपालन	नोट किया गया।
विषय संख्या : 2	लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 29.02.2020 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।
निर्णय :	प्रस्तुत की गयी अनुपालन आख्या का अवलोकन/अनुमोदन किया गया।
अनुपालन :	नोट किया गया।
विषय संख्या : 3	हरदोई रोड कामधेनु नगर प्रसार योजना (बसंतकुंज) के अन्तर्गत समझौते के आधार पर देय अवशेष प्रतिकर धनराशि के भुगतान के सम्बन्ध में।
निर्णय :	सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा बसंतकुंज, हरदोई रोड योजना में देय अवशेष प्रतिकर धनराशि ₹ 30.42 करोड़ का भुगतान किये जाने की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
अनुपालन :	बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में कामधेनु नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत अर्जित भूमि के सापेक्ष समझौते के आधार पर देय रू0 149.00 करोड़, में से स्वीकृत धनराशि रू0 122.31 करोड़ घटाने पर अवशेष प्रतिकर धनराशि रू0 26.69 करोड़ तथा 2.50 प्रतिशत अर्जन व्यय के रूप में धनराशि रू0 3.73 करोड़ अर्थात् कुल धनराशि रू0 30.42 करोड़ की स्वीकृति के अनुक्रम में अर्जित भूमि के हितबद्ध काश्तकारों को प्रतिकर भुगतान हेतु धनराशि रू0 10.00 करोड़, बैंकर चेक/डी0डी0 संख्या—379189 दिनांक 17.08.2020, जो विभागीय पत्र संख्या—416/एसी0/तह0/2020 दिनांक 26.08.2020 के माध्यम से अपर जिलाधिकारी—भू0अ0, लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है।
विषय संख्या : 4	लखनऊ—सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तर दिशा में स्थित मेसर्स सहारा इण्डिया कामर्शियल कार्पोरेशन लि0 की निरस्त टाउनशिप की भूमि पर लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ की नवीन योजना हेतु भूमि अधिग्रहण किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई और निर्देश दिये गये कि सर्वप्रथम् लैंडपूलिंग के माध्यम से शासनादेशानुसार कार्यवाही की जाये।

अनुपालन : बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में मे0 सहारा इण्डिया कामर्शियल कार्पोरेशन लि0 के इंटीग्रेटेड टाउनशिप के निरस्तीकरण आदेश दिनांक 13.08.2019 से आच्छादित ग्राम–बक्कास, माढ़रमऊ कला, माढ़रमऊ खुर्द, मस्तेमऊ, मलूकपुर ढ़कवा, चौरासी, चौरहिया एवं दुलारमऊ की लगभग 2052.15 एकड़ भूमि, जिसकी चौहद्दी उत्तर–गोमती नदी, दक्षित–सुल्तानपुर रोड, पूरब–इन्दिरा नहर, पश्चिम–उपरोक्त गांवो की सीमा तक, लखनऊ विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 24.07.2020 में लैण्ड पुलिंग के माध्यम से शासनादेशानुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है, जिसके क्रम में लैण्ड पूलिंग स्कीम की विशेषताओं तथा लाभों से हितबद्ध कास्तकारों को अवगत कराये जाने हेतु प्रचार सामग्री के रूप में 2500 पम्पलेट व आवेदन पत्र/शपथ–पत्र छपवाकर वितरित किये जाने की अनुमति उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 27.08.2020 की दी जा चुकी हैं, जिसके क्रम में उपरोक्तानुसार प्रत्येक प्रारूप की 2500–2500 प्रतियां छपवाकर उपलब्ध कराये जाने हेतु संयुक्त सचिव–डी को सूचित कर दिया गया है। टीम का गठन कर लैण्ड पूलिंग पॉलिसी का प्रचार–प्रसार कर कास्तकारों की सहमति की दशा में सहमति पत्र भरवाया जायेगा।

विषय संख्या : 5 बसंतकुंज योजना में स्थित कैटिल कालोनी में तटबन्ध के निर्माण से प्रभावित भूखण्डों का पूनर्वासन हेतु निर्माण के मूल्यांकन प्रतिकर भुगतान के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त बसंतकुंज योजना में बंधा निर्माण से प्रभावित कैटिल कालोनी में जिन–जिन व्यक्तियों के भूखण्ड का निर्माण प्रभावित हुआ है, ऐसे कुल 143 आंवटी है, जिन्हें उनके निर्माण के मूल्यांकित धनराशि ₹ 1,12,18,663.00 (रूपये एक करोड़ बारह लाख अट्ठारह हजार छः सौ तिरसठ) मात्र का भुगतान किये जाने विषयक प्रस्ताव पर बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

अनुपालन : बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में बसंतकुंज योजना में स्थित कैटिल कालोनी में तटबन्ध निर्माण से प्रभावित आवंटियों के निर्माणों के मूल्यांकित/सत्यापित सूची के अनुसार नियमित निर्माण के प्रतिकर की धनराशि का वितरण किया जाना है, जिसके क्रम में मूल्यांकित सूची एवं प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 24.07.2020 का कार्यवृत्त संलग्न कर नियमानुसार कार्यवाही हेतु विभागीय पत्र संख्या–402/एसी/तह/2020 दिनांक 19.08.2020 के माध्यम से अपर जिलाधिकारी–भू0अ0, नगर महापालिका–प्रथम, लखनऊ को प्रेषित की जा चुकी है तथा निर्माण के प्रतिकर वितरण हेतु प्रपत्र प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत 36 पशुपालकों की पत्रावलियाँ तैयार कर ली गयी है। शीघ्र ही वांछित धनराशि भूमि

अध्याप्ति कार्यालय को प्रेषित कर दी जायेगी।

विषय संख्या : 6	आउट सोर्सिंग के माध्यम से रखे गये एक वरिष्ठ सहायक कास्ट एकाउन्टेन्ट की सेवा अवधि (दिनांक 31.12.2020 तक) बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।
निर्णय :	सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
अनुपालन :	प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अनुपालन किया जा रहा है।
विषय संख्या : 7	लखनऊ विकास प्राधिकरण की सम्पत्तियों के मूल्यांकन गाइड लाइन में संशोधन के सम्बन्ध में।
निर्णय :	सम्यक् विचारोपरान्त लखनऊ विकास प्राधिकरण की सम्पत्तियों के मूल्यांकन गाइड लाइन में संशोधन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। निर्देश दिये गये कि आवंटन तिथि में अनुमानित कीमत आंकलित कर आवंटी से मूल्य लिया जाय तथा निर्माण पूर्ण होने पर वास्तविक कीमत का अन्तर और लिया जाय। यदि वास्तविक मूल्य आवंटन–पत्र में सूचित मूल्य से 10% (कार्नर भूखण्ड तथा मानक क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल की स्थिति को छोड़कर) अधिक बढ़ता है, तो आवंटी को विकल्प होगा कि वह सम्पत्ति क्रय न करें और जमा धनराशि बिना कटौती के वापसी हेतु आवेदन की तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) की दर पर वापस प्राप्त कर ले। भूखण्डों में आवंटन तिथि को प्रचलित दर ही ली जायेगी। इस प्रकार यदि निर्धारित अवधि में आवंटी की रजिस्ट्री/कब्जा की प्रक्रिया नहीं कर पाते हैं तो, तब भी आवंटी चाहे तो सम्पत्ति क्रय न करें और धनराशि वापस किये जाने हेतु आवेदन की तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) की दर पर वापस प्राप्त कर ले। प्राधिकरण की जिन योजनाओं में निबन्धन की कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है, उन पर प्रभावी नहीं होगा।
अनुपालन :	प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अनुपालन किया जा रहा है।
विषय संख्या : 8	व्यवसायिक भूखण्डों की ई–नीलामी की मूल शर्त संख्या–4 को निक्षेपित करने व नई शर्त जोड़ने के सम्बन्ध में। i) डिफाल्टर्स की नीलामी में भाग लेने से रोकने के सम्बन्ध में। ii) फ्री–होल्ड चार्ज लेने के सम्बन्ध में। iii) 03 वर्ष का आयकर रिटर्न/हैसियत प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के सम्बन्ध में।
निर्णय :	सम्यक् विचारोपरान्त व्यवसायिक सम्पत्तियों/ भूखण्डों की ई–नीलामी की शर्तों के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया

कि:—

i—यदि पूर्व से प्राधिकरण द्वारा किसी को व्यवसायिक सम्पत्ति आवंटित की गई है और उसने 03 लगातार किश्तें जमा नहीं किया है, तो वह डिफॉल्टर माना जायेगा और उसे नीलामी में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा। यदि ई—नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदन करने की तिथि तक बकाया धनराशि जमा कर देते है, तो आवेदन करने व ई—नीलामी में भाग लेने हेतु पात्र माने जायेंगे।

ii—शासनादेशानुसार व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी के समय फ्रीहोल्ड शुल्क चार्ज भी भूखण्ड की मूल्यांकित धनराशि में सम्मिलित किया जायेगा।

iii—व्यवसायिक सम्पत्तियों की नीलामी में आवेदकों द्वारा विगत 03 वर्षों की आई0टी0आर0 और हैसियत लिये जाने सम्बन्धी शर्त को विलोपित किये जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा इस प्रकार की रिक्त सम्पत्तियों की सूची और समीक्षा के साथ अगली बोर्ड बैठक में रखे जाने के निर्देश दिये गये।

अनुपालन :

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में बिन्दुवार अनुपालन आख्या निम्नवत् है:—

i— डिफाल्टर्स को नीलामी में भाग लेने से रोकने के सम्बन्ध में बोर्ड के निर्णय को लागू कर दिया गया है। भविष्य में होने वाली नीलामी में इसी निर्णय के अनुसार नीलामी प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी।

ii— बोर्ड के निर्णयानुसार अब सम्पत्तियों के मूल्य का मूल्यांकन करने के समय ही फ्रीहोल्ड शुल्क शासनादेश के अनुसार सम्पत्ति की लागत का 12 प्रतिशत सम्मिलित किया जायेगा और जो मूल्य प्रकाशित किया जायेगा, उसमें पहले से ही फ्रीहोल्ड शुल्क समाहित होगा।

iii—व्यवसायिक सम्पत्तियों की नीलामी में आवेदकों द्वारा विगत 03 वर्षों की आई0टी0आर0 और हैसियत लिये जाने सम्बन्धी शर्त को विलोपित किये जाने के सम्बन्ध में बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षित कोटे की रिक्त सम्पत्तियों की सूची तैयार कर ली गयी है तथा प्रस्ताव तैयार कर आगामी बोर्ड बैठक में बोर्ड के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जायेगा।

विषय संख्या : 9

जनपद—लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थित पार्किंग की भूमि पर मल्टीलेविल पार्किंग एवं ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो रेलवे स्टेशन से मल्टीलेविल पार्किंग जोड़ने हेतु फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य के सम्बन्ध में।

निर्णय :

सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा जनपद—लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर योजना स्थित पार्किंग की भूमि पर मल्टीलेविल पार्किंग एवं ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो रेलवे स्टेशन से मल्टीलेविल पार्किंग जोड़ने हेतु फुट ओवर ब्रिज का निर्माण पी0पी0पी0 मॉडल पर किये जाने पर

अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही इस हेतु QCBS पद्धति पर कंसलटेन्ट की नियुक्ति की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

अनुपालन : प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में पार्किंग भूखण्ड के भू–उपयोग को मल्टीलेविल पार्किंग कम बहुउद्देश्य व्यवसायिक भवन निर्माण हेतु फैसिलिटी भूखण्ड में परिवर्तित करने हेतु मुख्य नगर नियोजक को पत्रांक–321/अ0अ0–2/2020–21 दिनांक 14.08.2020 के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। साथ ही पी0पी0पी0 मॉडल पर निर्माण के आधार पर करने के साथ–साथ QCBS पद्धति पर कंसलटेन्ट हेतु कार्यवाही गतिशील है।

विषय संख्या : 10 भूखण्ड संख्या–221स, निकट टी0वी0 टावर, ग्राम–बेगरिया, हरदोई रोड, लखनऊ पर पेट्रोल पम्प के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया एवं नियमानुसार शुल्क जमा कराये जाने के निर्देश दिये गये।

अनुपालन : प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार कार्यवाही/अनुपालन कराया जा रहा है।

विषय संख्या : 11 कैटिल कालोनी के बन्धे के संरेखण एवं अर्धनिर्मित बन्धे के पूर्ण न हो पाने के कारण प्रभावित भूखण्डों के वृहद् स्तर पर समायोजन हेतु।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा बंधे से प्रभावित भूखण्डों के समायोजन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही बोर्ड द्वारा बन्धे से प्रभावित 322 भूखण्डों (जिनमें 79 भूखण्डों का समायोजन पूर्व में हो चुका है, उन्हें छोड़कर) के समायोजन की स्वीकृति प्रदान की गई।

अनुपालन : प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में पूर्व में अपर सचिव/उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के आदेश दिनांक 20.05.2015 के क्रम में समायोजित 79 भूखण्डों के भौतिक कब्जे की कार्यवाही के सम्बन्ध में अभियंत्रण खण्ड को पत्र संख्या–410/एसी./तह./2020 दिनांक 30.08.2020 प्रेषित किया गया है तथा शेष 243 भूखण्डों के समायोजन के लिए विभागीय पत्र संख्या–87/तह.–सम्पत्ति/2020 दिनांक 01.09.2020 द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जोन–7 को नये सृजित भूखण्डों को तलपट मानचित्र पर अंकित करते हुए यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तलपट मानचित्र प्राप्त होते ही समायोजन की कार्यवाही प्रभावित आवंटियों के पक्ष में कराई जायेगी।

विषय संख्या : 12 बसन्तकुंज योजना में गोमती नदी के किनारे अवस्थित मास्टर प्लान–"पार्क एवं खुला स्थल" हेतु लगभग 65 एकड़ चिन्हित भूमि पर "राष्ट्र प्रेरणा स्थल" का विकास किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अवलोकित एवं अनुमोदित किया गया।

अनुपालन :	बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में "राष्ट्र प्रेरणा स्थल" के विकास कार्य कराये जाने हेतु प्राधिकरण स्तर पर EOI के माध्यम से कन्सलटेंट का चयन करते हुए अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। कन्सलटेंट द्वारा PPR तैयार की जा रही है।
विषय संख्या : 13	अनाधिकृत/अतिरिक्त निर्माण के नियमितीकरण हेतु शमन योजना–2020 लागू किये जाने के सम्बन्ध में।
निर्णय :	सम्यक् विचारोपरान्त शमन योजना–2020 लागू किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही निर्देश दिये गये कि जोनवार टीम गठित कर डोर–टू–डोर सर्वे कराकर शमन की कार्यवाही पूर्ण की जाये तथा वस्तुस्थिति से बोर्ड को अवगत कराया जाये।
अनुपालन :	प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में अधिशासी अभियन्ता–मानचित्र के अधीन भूतल स्थित काउण्टर पर अवर अभियन्ताओं के माध्यम से शमन योजना–2020 के आवेदन पत्र प्राप्त किये जा रहे है। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में प्राधिकरण के समस्त प्रवर्तन जोनों द्वारा शमन की कार्यवाही हेतु अपने जोन में सर्वेक्षण किया जाना है।
अ0वि0 संख्या : 1	लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत श्री रवि खरे, अवर अभियन्ता को उनके गुर्दा प्रत्यारोपण हेतु किये गये भुगतान, तत्पश्चात् चिकित्सा पर व्यय धनराशि का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में।
निर्णय :	सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।
अनुपालन :	प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अनुपालन किया जा रहा है।
अ0वि0 संख्या : 2	परिसम्पत्तियों के सापेक्ष देयता के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।
निर्णय :	सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या–36/2020/935/आठ–1–20–03बैठक/13टी0सी0 दिनांक 15.07.2020 द्वारा कोविड 19 के दृष्टिगत उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, विकास प्राधिकरणों एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की सम्पत्तियों के सापेक्ष देयता विषयक शासनादेश अंगीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।
अनुपालन :	प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अंगीकृत शासनादेश के अनुसार कार्यवाही/अनुपालन किया जा रहा है।

प्रस्ताव संख्या–1, तीन वर्ष का आयकर रिर्टन/हैसियत प्रमाण पत्र की अनिवार्यता के सम्बन्ध में।

व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी में वर्तमान में लागू शर्त संख्या–4 जोकि इस प्रकार है:–

''ई–आक्शन दाता/बोलीदाता से विगत 03 वर्षो का आयकर रिटर्न विवरण/हैसियत सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य है'' इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक–06.09. 2008 के विषय संख्या–11 मे निम्नवत् प्रस्ताव पारित किया गया था:–

विषय संख्या–11

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति हेतु आरक्षित व्यवसायिक भूखण्ड/सामुदायिक सुविधाओं/ग्रुप हाउसिंग भूखण्डों की नीलामी की शर्तो में संशोधन किया जाना।

निर्णयः–प्रस्तुत प्रस्ताव के चर्चा के उपरान्त निर्णय लिया गया कि नीलामी के पूर्व बोलीदाता से अन्य औपचारिकताओं के पालन कराने के साथ–साथ निम्न–

1. संक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र जो विगत 06 माह के अन्दर निर्गत हो, संलग्न कराया जाये।

2. बोलीदाता से विगत 03 वर्षो का आयकर रिटर्न विवरण, टेण्डर फार्म के साथ संलग्न कराना अनिवार्य किया जाये।

उल्लेखनीय है कि यह प्राविधान **अनुसूचित जाति/जनजाति** के आरक्षित भूखण्डों के लिए किया गया था। सम्भवतः तदसमय सम्पन्न लोग अपने करीबी अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगो के नाम से भूखण्ड नीलामी में ले लेते थे। इसी कारण इस शर्त का प्राविधान किया गया था कि छदम आवेदक भूखण्ड आवंटन न करा पाये। परन्तु ल0वि0प्रा0 द्वारा वर्ष 2008 में बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव के पारित होने के उपरान्त जो शर्ते निर्धारित की गयी उसमें वर्ष 2008 में शर्त को निम्नवत् रखा गया:–

ई–आक्शनदाता/बोलीदाता से विगत 03 वर्षा का आयकर रिर्टन विवरण/हैसियत सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य हैं।

इससे यह स्पष्ट है कि ल0वि0प्रा0 द्वारा इस शर्त को **सामान्य रूप से समस्त श्रेणी** के भूखण्डों पर लागू कर दिया गया। जबकि वास्तव में बोर्ड द्वारा केवल **आरक्षित वर्ग** के भूखण्डों हेतु प्राविधान किया गया था।

वास्तव में लखनऊ विकास प्राधिकरण भूखण्ड का आवंटन करता है वह किसी व्यवसायिक भूखण्ड के निमार्ण का ठेका नही दे रहा है, जब ठेका दिया जाता है तो ठेकेदार से उसका हैसियत प्रमाण पत्र/03 वर्ष का आयकर रिर्टन इत्यादित की डिमाण्ड की जाती है जिसका उद्देश्य यह है कि सम्बन्धित निर्माण का वह अपने स्तर से कराता रहे भले ही विभाग से भुगतान

में देरी हो, जिससे प्रोजेक्ट बाधित न हो, अथवा क्वालिटी में कोई कमी पाये जाने पर उससे भुगतान की राशि की रिकवरी/वसूली की जा सके।

परन्तु प्रश्नगत प्रकरण में प्राधिकरण को नीलामी से आवंटित/विक्रय करने पर अधिक मूल्य प्राप्त होता है और साथ ही यदि आवंटी नियत समय में धनराशि जमा नही करता है तो प्राधिकरण उससे उस धनराशि पर दण्ड ब्याज भी लेता है, यदि आवंटी काफी समय तक आवंटन पत्र में अंकित किश्तों के अनुसार कई किश्तो का भुगतान नही करता है तो प्राधिकरण आवंटन निरस्त कर धरोहर धनराशि/टोकन मनी को जब्त कर लेता है, और उस भूखण्ड को पुनः नई दर पर नीलामी में विक्रय करता हैं। ऐसा किये जाने पर प्राधिकरण को कोई वित्तीय हानि नही बल्कि लाभ होता है।

वर्तमान में प्राधिकरण के पास अनुसूचित जाति/जनजाति के लिये आरक्षित कुल–124 सम्पत्तियॉ है ऐसी जिनका आवंटन नही किया जा सका है।

उल्लेखनीय है कि हैसियत प्रमाण पत्र/03 वर्षो का आयकर रिर्टन लेने का प्राविधान प्रदेश के बड़े विकास प्राधिकरणों में यथा कानपुर, गाजियाबाद, नोयडा तथा आवास विकास परिषद् में लागू नही है। यह भी उल्लेखनीय है कि रिर्टन व हैसियत प्रमाण पत्र में ''आय'' का कोई मानक नही रखा गया है अर्थात यदि ''जीरो'' इनकम का रिर्टन भी आवेदक देता है तो उसे नीलामी में भाग लेने से रोका नही जा सकता है जिससे रिर्टन देने की शर्त का कोई व्यवहारिक महत्व नही रह जाता है। प्राधिकरण हित में ई–आक्शन/मैनुअल नीलामी में **''प्रतिस्पर्धा बढ़ाये''** जाने हेतु इस शर्त को विलोपित किया जाना उचित हैं, क्योंकि अक्सर नीलामी में ऐसी कम्पनियां भाग लेती है जो 03 वर्ष से कम पुरानी है, परन्तु वो उच्च बोली लगाती है। यदि उनको इस शर्त के आधार पर नीलामी से रोका जाता है तो प्राधिकरण उच्च बोली से वंचित हो जाता है। **इसलिये प्राधिकरण के वित्तीय हित में है इस शर्त को विलोपित किया जाना उचित प्रतीत हो रहा हैं।**

03/09/2020
(आलोक नाथ)
प्र० सहा०

03/9/2020
(जितेन्द्र कुमार सिंह)
अनुभाग अधिकारी

3/9/20

(डी० एम० कटियार)
संयुक्त सचिव
ल०वि०प्रा०

बोर्ड प्रस्ताव हेतु अनुपूरक सामग्री

लखनऊ विकास प्राधिकरण की व्यवसायिक सम्पत्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित रिक्त सम्पत्तियों की संख्या।

विनय खण्ड–1 गोमती नगर में निर्मित काम्प्लेक्स में के दुकानों की सं0–	09
विराज खण्ड–4 में निर्मित काम्प्लेक्स में दुकानों की संख्या–	02
गोमती नगर योजना विराज खण्ड में निर्मित दुकानों की संख्या–	04
सी.जी. सिटी चकगंजरिया में निर्मित दुकान/स्टोर की संख्या–दुकान की संख्या–	03
व स्टोर की संख्या–	23
गोमती नगर विस्तार में भूखण्डों की संख्या–	02
कानपुर रोड योजना सेक्टर–एच में निर्मित अन्नपूर्णा काम्प्लेक्स में निर्मित	
दुकान व हाल की संख्या–	01
हाल संख्या–	05
कानपुर रोड योजना सेक्टर–डी में निर्मित गोल मार्केट में स्थित हाल की संख्या–	02
कानपुर रोड योजना सेक्टर–बी में निर्मित ब्रम्हमकुंज काम्प्लेक्स दुकान/रूम/हाल की सख्या–	
दुकान की संख्या–	02
रूम की संख्या–	02
हाल की संख्या–	03
प्रियदर्शिनी योजना सेक्टर–बी में निर्मित दुकान की संख्या–	13
प्रियदर्शिनी योजना सेक्टर–सी में निर्मित एल.एस–01 पर दुकान की संख्या–	05
एल.एस–2 पर निर्मित दुकान की संख्या–	02
अलीगंज योजना सेक्टर–एन पॉकेट संख्या–02 में निर्मित दुकान की संख्या–	03
जानकीपुरम विस्तार योजना सेक्टर–6 में निर्मित दुकान संख्या–	03
जानकीपुरम विस्तार योजना सेक्टर–7 में निर्मित दुकान की संख्या–	03
जानकीपुरम विस्तार योजना सेक्टर–2 में निर्मित टीन सेड चबूतरों की संख्या–	17
देवपुर पारा आवासीय योजना में निर्मित टावरों में स्टील्ट तल पर निर्मित दुकानों की संख्या–	06
शारदा नगर योजना रतन खण्ड में निर्मित काम्प्लेक्स में दुकानों की संख्या–	14
कुल रिक्त की संख्या–	**124**

04/9/20 04/9/20 04/9/2020

प्रस्ताव संख्या–2 व्यवसायिक काम्पलेक्स सेक्टर–4, गोमतीनगर विस्तार को एक साथ विक्रय करने विषयक

गोमतीनगर विस्तार सेक्टर–4 में स्थित सरस्वती अपार्टमेंट के बगल कन्विनिएन्ट शाप, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

- पूरे काम्पलेक्स का न्यूनतम मूल्य–84802000.00
- भूमि का क्षेत्रफल–1027.94 वर्गमीटर जिसमें लोअर ग्राउण्ड, ग्राउण्ड एवं प्रथम फ्लोर का निर्माण हुआ है।
- को ई–आक्सन/मैनुअल नीलामी के माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में:–

अवगत करना है कि किसी भी शापिंग काम्पलेक्स की मुख्य लोकेशन की दुकान नीलामी में सबसे पहले विक्रय हो जाती है। जिससे शापिंग काम्पलेक्स पूरी तरह से आबाद नहीं हो पाता और शेष दुकाने नीलामी में विक्रय न होने के कारण जर्जर हो जाती है, इसलिए उनका अधिक मूल्य नहीं प्राप्त हो पाता है तथा प्राधिकरण को बार–बार नीलामी में दुकानों को विक्रय हेतु लगाना पड़ता है जिससे प्रकाशन का खर्च भी बार–बार प्राधिकरण को करना पड़ता है और प्राधिकरण की वित्तीय हानि होती है।

उल्लेखनीय है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजना में ऐसे कई काम्पलेक्स है जिनकी दुकाने नीलामी से अवशेष रहने पर कई बार उनको नीलामी में प्रस्तावित कर विक्रय किया गया है, जिनमें प्रमुखतः कैलाश कुंज काम्पलेक्स, नन्दाखेड़ा काम्पलेक्स की दुकाने है।

इसलिए उचित होगा कि प्रश्नगत सम्पूर्ण काम्पलेक्स को ई–ऑक्शन/मैनुअल नीलामी में प्रस्तावित कर किसी बिल्डर/कम्पनी को एक ही बार में विक्रय कर दिया जिससे प्राधिकरण को एक मुश्त धनराशि प्राप्त होने के साथ ही प्राधिकरण बार–बार प्रकाशन के खर्च से भी बच जाये।

तद्नुसार प्रस्ताव मा0 प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष निर्णय/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

(डी0 एम0 कटियार)
संयुक्त सचिव

विषय संख्या : 05 पृष्ठ संख्या : 17

विषय : " सीतापुर रोड में बस स्टेशन हेतु आरक्षित 5.00 एकड़ भूमि निर्धारित मूल्य का 10 प्रतिशत भुगतान परिवहन निगम द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण को करते हुए बस स्टेशन का कब्जा प्राप्त कर तत्काल स्थल से परिवहन निगम की बसों का संचालन किये जाने एवं शेष 90 प्रतिशत धनराशि 15 वर्षो में परिवहन निगम द्वारा प्रतिवर्ष समान किश्तों में भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किये जाने" की अनुमति दिये जाने के सम्बन्ध में।

विषय वस्तु : लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अपने पत्रांक 626/सचिव/बल्कसेल/19 दिनांक 18.10.2019 में भूमि के मूल्य के भुगतान की उपरोक्त प्रक्रिया पर सहमति दी गयी है। पुनः लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि के मूल्य का 1 प्रतिशत अर्थात रू0–73.78 लाख जो प्रत्येक दो वर्ष पर 10 प्रतिशत की वृद्धि पर 90 वर्ष तक देना होगा, जो निगम की वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत कठिन है।

उपरोक्त के दृष्टिगत परिवहन निगम स्तर से निम्नवत् सुझाव दिये गये हैः–

1. भूमि के मूल्य का अग्रिम 10 प्रतिशत लेकर शेष 90 प्रतिशत 15 वर्षो में समान किश्तों का भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किया जाय।
2. कमता बस स्टेशन के भुगतान की तर्ज पर जानकीपुरम की भूमि का 15 समान किश्तों में भुगतान कर दिया जाय।
3. भूमि के मूल्य का एक प्रतिशत का भुगातन की धनराशि में प्रति दो वर्ष की कोई वृद्धि न हो।

परिवहन निगम द्वारा उपरोक्त तीनों विकल्पों में से निर्णय अनुसार कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रश्नगत प्रकरण लखनऊ विकास प्राधिकरण की 166वी बैठक दिनांक 06.11.2019 के विषय सं0–5 में "लखनऊ विकास प्राधिकरण के कमता चौराहे के पास निर्मित बस स्टैण्ड, बजट होटल एवं जानकीपुरम, सीतापुर रोड सेक्टर–ई में बस स्टेशन आरक्षित भूखण्ड के मूल्यॉकन के सम्बन्ध में प्रस्ताव रखा गया था "

(नन्द किशोर वर्मा)
कनिष्ठ लिपिक

(जितेन्द्र कुमार सिं
अनुभाग अधिकारी

संयुक्त सचिव

उक्त प्रस्ताव के सम्बन्ध में बोर्ड बैठक की स्वीकृति निम्नवत् हैः–

जानकीपुरम सीतापुर रोड सेक्टर–ई में बस स्टेशन हेतु आरक्षित भूखण्ड सं0–सी0पी0–13 परिवहन विभाग को 90 वर्ष की लीज पर प्रति वर्ष के आधार पर लीज रेन्ट का निर्धारण करते हुए एंव जिलाधिकारी की दरों में सम्भावित दर को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक 02 वर्ष पश्चात् 10 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जो बोर्ड बैठक द्वारा दिनांक 06.11.2019 को अनुमोदित किया गया है। तदानुसार प्राधिकरण द्वारा संस्था के पक्ष में आवंटन पत्र दिनांक 27.11.2019 निर्गत किया गया है, जिसके क्रम में संस्था द्वारा रू0–73.78 लाख जमा किया गया है।

परन्तु संस्था द्वारा पुनः अनुरोध किया गया है" कि जानकीपुरम सीतापुर रोड योजना के सेक्टर–ई स्थित बस स्टेशन हेतु आरक्षित 5.00 एकड़ भूमि निर्धारित मूल्य का 10 प्रतिशत भुगतान परिवहन निगम द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण को करते हुए बस स्टेशन का कब्जा प्राप्त कर तत्काल स्थल से परिवहन निगम की बसों का संचालन किया जायेगा। शेष 90 प्रतिशत धनराशि 15 वर्षो में परिवहन निगम द्वारा प्रतिवर्ष समान किश्तों में लखनऊ विकास प्राधिकरण को भुगतान किया जायेगा"।

प्रस्ताव : उक्त तथ्यों के आलोक में सीतापुर रोड योजना के सेक्टर–ई स्थित बस स्टेशन हेतु आरक्षित भूखण्ड सं0–सी0पी0–13 क्षेत्रफल 18445.44 वर्ग मीटर भूमि के विक्रय मूल्य का अग्रिम 10 प्रतिशत लेकर शेष 90 प्रतिशत 15 वर्षो में ब्याज सहित 15 समान किश्तों का भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किया जाय। निर्धारित अवधि में धनराशि न जमा किये जाने पर नियमानुसार दण्ड ब्याज देय होगा, का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

कनिष्ठ लिपिक

(जितेन्द्र कुमार सिंह)
अनुभाग अधिकारी

7/9/20
संयुक्त सचिव
व्यावसायिक/सम्पत्ति सेल
ल0वि0प्रा0

कार्यालय लखनऊ विकास प्राधिकरण

प्रेषक,

सचिव,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
संख्या 1197/सचिव/बल्क सेल/20
दिनांक 03/09/2020

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम
परिवहन भवन टिहरी कोठी,
लखनऊ–226001

विषय

लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीतापुर रोड योजना के अन्तर्गत सेक्टर–ई स्थित भूखण्ड सं0–सी0पी0–13 बस स्टेशन के सम्बन्ध में।

महोदय

कृपया उपर्युक्त विषयक स्वकीय पत्र संख्या–148बी/20–02बी/ लखनऊ/2016 दिनांक 16.3.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सीतापुर रोड योजना के सेक्टर–ई स्थित बस स्टेशन हेतु आरक्षित भूखण्ड सं0–सी0पी0–13 क्षेत्रफल 18445.44 वर्ग मीटर भूमि की धनराशि सूचित करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अगवत कराना है कि सीतापुर रोड योजना के सेक्टर–ई स्थित बस स्टेशन हेतु आरक्षित भूखण्ड सं0–सी0पी0–13 क्षेत्रफल 18445.44 वर्ग मीटर भूमि के विक्रय मूल्य का अग्रिम 10 प्रतिशत लेकर शेष 90 प्रतिशत 15 वर्षो में व्याज सहित समान किश्तों का भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किया जाय निर्धारित अवधि में धनराशि न जमा किये जाने पर नियमानुसार दण्ड ब्याज देय होगा।

अतः उपरोक्तानुसार सीतापुर रोड योजना के सेक्टर–ई स्थित बस स्टेशन हेतु आरक्षित भूखण्ड सं0–सी0पी0–13 क्षेत्रफल 18445.44 वर्ग मीटर भूमि के आवंटन के सम्बन्ध में सहमति से अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

01/9/20
(एम0पी0 सिंह)
सचिव

पंजीकृत 20

उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम

परिवहन भवन टिहरी कोठी, लखनऊ–226001

दूरभाषः पी.बी.एक्स 2625439, 26222363, 2628461

फैक्सः 522–2274526, 2228841, 2274578

पत्रांक 1548 बी/20–02बी/लखनऊ/2016 दिनांक 16 मार्च, 2020

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

विषयः– लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीतापुर रोड योजना के अन्तर्गत सेक्टर–ई स्थित भूखण्ड सं0–सी0पी0 सं0–13 बस स्टेशन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पत्र सं0–898/जे0एस(डी)/बल्कसेल/20 दिनांक 28.02.2020 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सीतापुर रोड योजना की जानकीपुरम में बस स्टेशन हेतु आरक्षित 18445.44 व0मी0 भूमि का ड्राफ्ट एम0ओ0यू0 विलेख के निष्पादन हेतु प्रपत्र उपलब्ध कराने हेतु अवगत कराया गया था। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रश्नगत भूमि को परिवहन निगम को 90 वर्ष की लीज पर भूमि के मूल्य का एक प्रतिशत वार्षिक लीज रेन्ट (वर्तमान लीज रेन्ट रू0 73.78 लाख) निर्धारित किया गया है। अग्रेतर हर दो वर्ष पर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित दरों में वृद्धि के दृष्टिगत यह दर 10 प्रतिशत बढ़ायी जायेगी। यदि इस दर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण को भुगतान किया जाता है तो 90 वर्ष की समाप्ति तक निगम को कुल रू0 1060.817 करोड़ का भुगतान करना होगा। इतनी अधिक धनराशि का भार वहन करना निगम के लिये कठिन होगा।

उपरोक्त कम में अवगत कराना है कि शहर की जाम की समस्या के समाधान के दृष्टिगत अध्यक्ष, परिवहन निगम द्वारा विभिन्न विभागों की दिनांक 02.09.2016 एवं 19.01.2017 को बैठक बुलायी गयी थी, जिसमें जानकीपुरम की प्रश्नगत भूमि के भुगतान पर निम्नवत् निर्णय हुआ थाः–

"जानकीपुरम विस्तार में बस स्टेशन हेतु आरक्षित 5.00 एकड़ भूमि एवं पॉलटेक्निक कमता में विकास प्राधिकरण द्वारा बस स्टेशन हेतु आरक्षित स्थल के निर्धारित मूल्य का 10 प्रतिशत भुगतान परिवहन निगम द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण को करते हुये बस स्टेशन का कब्जा प्राप्त कर तत्काल स्थल से परिवहन निगम की बसों का संचालन किया जायेगा। शेष 90 प्रतिशत धनराशि 15 वर्षो में परिवहन निगम द्वारा प्रतिवर्ष समान किश्तों में भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किया जायेगा।"

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अपने पत्रांक 626/सचिव/बल्कसेल/19 दिनांक 18.10.2019 में भूमि के मूल्य के भुगतान की उपरोक्त प्रकिया पर सहमति दी गयी है। पुनः लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि के मूल्य का 1 प्रतिशत अर्थात् रू0 73.78 लाख जो प्रत्येक दो वर्ष पर 10 प्रतिशत की वृद्धि पर 90 वर्ष तक देना होगा, जो निगम की वित्तीय स्थिति के दृष्टिगत् कठिन है।

उपरोक्त के दृष्टिगत् परिवहन निगम स्तर से निम्नवत् सुझाव हैः–

1– भूमि के मूल्य का अग्रिम 10 प्रतिशत लेकर शेष 90 प्रतिशत 15 वर्षो में समान किश्तों का भुगतान लखनऊ विकास प्राधिकरण को किया जाय।

2– कमता बस स्टेशन के भुगतान के तर्ज पर जानकीपुरम की भूमि का 15 समान किश्तों में भुगतान कर दिया जाय।

3– भूमि के मूल्य का एक प्रतिशत का भुगतान की धनराशि में प्रति दो वर्ष की कोई वृद्धि न हो।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त तीनों विकल्पों में से निर्णय अनुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 राज शेखर)
प्रबन्ध निदेशक

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 166वीं बैठक दिनांक 06 नवम्बर, 2019 का कार्यवृत्त

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 166वीं बैठक, बोर्ड अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार मेश्राम, आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहें:—

उपस्थितिः—

01.	श्री अभिषेक प्रकाश	जिलाधिकारी, लखनऊ।
02.	श्री प्रभु एन0 सिंह	उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
03.	सुश्री अपूर्वा दुबे	विशेष सचिव, प्रतिनिधि–प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
04.	श्री इन्द्रजीत विश्वकर्मा	अपर निदेशक, कोषागार, प्रतिनिधि–सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
05.	श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव	मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0।
06.	श्री सुनील चौधरी	मुख्य अभियन्ता, प्रतिनिधि–आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद।
07.	श्री एम0के0 सिंह	मुख्य अभियन्ता, प्रतिनिधि नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ।
08.	श्री बी0एल0 गौतम	अधीक्षण अभियन्ता, प्रतिनिधि–प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम।
09.	श्री अनुपम श्रीवास्तव	क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, लखनऊ मण्डल प्रतिनिधि–महानिदेशक, पर्यटन।
10.	सुश्री रेखा श्रीवास्तव	अपर सांख्यिकी अधिकारी, प्रतिनिधि–अपर आयुक्त, उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

अन्य उपस्थितिः—

11.	श्री एम0पी0 सिंह	सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
12.	श्री अनिल भट्नागर	अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
13.	श्री आर0के0 सिंह	वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
14.	श्री इन्दु शेखर सिंह	मुख्य अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
15.	श्री पंकज कुमार	नजूल अधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
16.	श्री संदीप श्रीवास्तव	विशेष कार्याधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण।
17.	श्री नितिन मित्तल	मुख्य नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0।
